जबलपुर | सोमवार | 10 नवंबर 2025 | वर्ष 76 | अंक 276 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00
navabharat.com | twitter.com/Nava_Bharat | fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

राष्ट्रीयता का प्रहरी 1934 से
जबलपुर 77 वां वर्ष संस्करण

# भाजपा-ईसी गठजोड़ पर निशाना

## राहुल गांधी का पचमढ़ी दौरे का दूसरा दिन, मतदाता सूची में छेड़छाड़ के आरोप

**पचमढ़ी, 9 नवंबर. पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी रविवार को पचमढ़ी में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. मीडिया से बातचीत में उन्होंने हालिया चुनावों में बड़े पैमाने पर मतदाता सूची से छेड़छाड़ और वोट चोरी के गंभीर आरोप भी दोहराए. उन्होंने कहा कि कई राज्यों में व्यवस्थित रूप से मतदान प्रक्रिया को प्रभावित किया गया है.**



राहुल गांधी ने हाल ही में हरियाणा पर दिए गए अपने प्रस्तुतिकरण का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां लगभग 25 लाख मतों में हेरफेर के प्रमाण सामने आए हैं. इसका मतलब है कि हर आठ में से एक वोट चुराया गया. आंकड़ों और पैटर्न का अध्ययन करने के बाद मुझे विश्वास है कि यही प्रक्रिया मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ में भी दोहराई गई है.

उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव आयोग के साथ मिलकर यह कार्य किया. यह कोई संयोग नहीं, बल्कि एक व्यवस्थित तंत्र है. एक संयुक्त अभियान है. हमारे पास इसके ठोस प्रमाण हैं, जिन्हें समय-समय पर सामने लाया जाएगा.

चुनाव आयोग द्वारा जारी विशेष पुनरीक्षण अभियान पर राहुल ने टिप्पणी की. कहा कि यह 'वोट चोरी' को छिपाने का प्रयास है. मुख्य मुद्दा वोट चोरी है और एसआईआर उसी को ढंकने का तरीका है. हमारे पास मतदाता सूची से नाम हटाने और उन्हें बदलने के विस्तृत प्रमाण उपलब्ध हैं. अब तक हमने केवल एक छोटा हिस्सा ही उजागर किया है. उन्होंने आगे कहा कि यह केवल चुनावी धोखाधड़ी नहीं, बल्कि लोकतंत्र और डॉ. भीमराव आंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान पर सीधा हमला है.

अपनी बात समाप्त करते हुए राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और आरएसएस से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी ज्ञानेश कुमार साझेदारी कर देश को नुकसान पहुंचा रहे हैं. मीडिया से बातचीत के बाद राहुल गांधी भोपाल के लिए रवाना हुए.

### राहुल ने जंगल सफारी का लिया आनंद

राहुल गांधी रविवार सुबह सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में बाघ देखने के लिए नीम घाम में जंगल सफारी करने पहुंचे. पनारपानी गेट पर पहुंचकर वे अपने काफिले से उतरकर सुरक्षा कर्मियों के साथ जंगल में चलने वाली जिप्सी में बैठे और सफारी का आनंद लिया. इस दौरान कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी समेत कुछ अन्य नेता उनके साथ रहे. हिल स्टेशन पचमढ़ी में राहुल गांधी ने प्राकृतिक सौंदर्य का जमकर लुत्फ उठाया.

## आकाश ने 8 गेंद पर आठ छक्के लगाए



**सूरत, 9 नवंबर.** भारत के सबसे बड़े घरेलू टूर्नामेंट रणजी ट्रॉफी में वैसे तो रेड बॉल क्रिकेट होता है और इसे टेस्ट फॉर्मेट में खेला जाता है, लेकिन मेघालय के खिलाड़ी आकाश चौधरी ने सूरत में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ प्लेट ग्रुप के मुकाबले में 11 गेंद पर अर्धशतक लगाते हुए फर्स्ट क्लास क्रिकेट के इतिहास में सबसे तेज पचास रन पूरे किए और वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया. वहीं इस दौरान उन्होंने एक ओवर में छह छक्के भी लगाए. इतना ही नहीं इस पारी में 8 गेंद पर लगातार आठ छक्के लगाने वाले वह पहले बल्लेबाज बन गए. आकाश चौधरी ने दुनियाभर के फर्स्ट क्लास क्रिकेट के इतिहास में सबसे तेज अर्धशतक बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया.



## 45 सालों में रिकॉर्ड, पारा न्यूनतम 7 डिग्री दर्ज

- शहर में रात सीवियर कोल्ड वेब, बढ़ी ठिठुरन
- दिन में 10 से शाम 4.30 तक रही गर्मी

नव भारत न्यूज

**इंदौर. इंदौर पिछले चार दिन से सीवियर कोल्ड वेब पर पहुंच गया है. शहर में लगातार चार दिनों पारा न्यूनतम 8 डिग्री के अंदर चल रहा है. शनिवार-रविवार रात आधा डिग्री गिरकर 7 डिग्री पर पहुंच गया. खास बात यह है कि दिन में गर्मी का अहसास भी हो रहा है.**

रात में ठंड ने शुरुआत के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए है और रात का पारा न्यूनतम 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है. यह पिछले 45 सालों के रिकॉर्ड में दर्ज नहीं है कि ठंड शुरू होने के साथ शहर का पारा 7 डिग्री रहा हो. बता दें कि शहर में सुबह 10 से शाम 4.30 बजे तक मौसम गर्म रहा.

# सामाजिक समानता मिलने तक आरक्षण जारी रहे

## भागवत ने संघ की 100 वर्ष की यात्रा पर व्याख्यान श्रृंखला कार्यक्रम में कहा

**बेंगलुरु, 9 नवंबर (वार्ता) राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने संघ की 100 वर्ष की यात्रा पर व्याख्यान श्रृंखला के कार्यक्रम में भाग लिया. यहां उन्होंने कहा कि आरक्षण तब तक जारी रहना चाहिए, जब तक असमानता, भेदभाव और अस्पृश्यता पूरी तरह खत्म नहीं हो जाए.**



एक बार जब समाज के सभी वर्गों को वास्तव में समान अवसर मिलने लगेंगे, तो योग्यता स्वाभाविक रूप से फलेगी-फूलेगी. आरक्षण और योग्यता एक-दूसरे के विपरीत नहीं हैं बल्कि ये निष्पक्षता और संतुलन सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करते हैं. भागवत ने कहा कि पाकिस्तान के साथ स्थायी शांति के लिए भारत को 'पाकिस्तान की समझ में आने वाली भाषा में बात करनी चाहिए', जिसमें शक्ति, आत्मनिर्भरता और प्रभावी ढंग से जवाब देने की क्षमता का समावेश हो. उन्होंने कहा कि भारत अपनी ओर से शांति बनाए रख सकता है, लेकिन स्थायी स्थिरता पाकिस्तान की पारस्परिक प्रतिक्रिया की इच्छा पर निर्भर करेगी.



### मुख्यमंत्री डॉ . यादव ने पुनौरा धाम में की पूजा

**भोपाल, 9 नवम्बर .** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को बिहार के सीतामढ़ी स्थित मां जानकी की जन्मस्थली पुनौरा धाम मंदिर में दर्शन कर पूजा-अर्चना की. इस अवसर पर उन्होंने मध्यप्रदेश के नागरिकों के सुख, समृद्धि और कल्याण की कामना की. उन्होंने कहा कि पुनौरा धाम के दर्शन कर उन्हें अत्यंत आत्मिक शांति मिली है.

# 25 वर्षों की योजनाओं की तैयारी करे उत्तराखंड

- राज्य के गठन के 25 वर्ष पूरे होने पर समारोह आयोजित
- पीएम मोदी ने दी 8260 करोड़ की सौगात

**देहरादून, 9 नवंबर (वार्ता). प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्य के गठन के 25 वर्ष पूरे होने पर रविवार को मुख्य समारोह में 8260 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया.**



उन्होंने एक स्मारक डाक टिकट और काफी टेबल बुक का भी विमोचन किया. पीएम ने 28 हजार से अधिक किसानों के खातों में 62 करोड़ की राशि भी डीबीटी के माध्यम से जारी की. प्रधानमंत्री ने राज्य की 25 वर्षों की उपलब्धियों की सराहना की और अगले 25 वर्षों के लिए रोडमैप के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया.

## गुजरात एटीएस ने आईएसआईएस से जुड़े तीन आतंकियों को पकड़ा

**अहमदाबाद, 9 नवंबर.** गुजरात एटीएस को एक बड़ी सफलता मिली है. लंबे समय से रडार पर चल रहे आईएसआईएस से जुड़े तीन आतंकियों को एक संयुक्त ऑपरेशन में गिरफ्तार कर लिया गया. एटीएस ने इनसे हथियार भी बरामद किए. गिरफ्तार आतंकियों का मकसद गुजरात से हथियार लेकर अन्य राज्यों में पहुंचना था. एटीएस का दावा है कि उनकी गिरफ्तारी से आतंकी हमले की बड़ी साजिश को विफल किया गया है. ये तीनों एक साल से ज्यादा समय से निगरानी में थे और आतंकी हमले की साजिश रच रहे थे. ये तीनों आतंकी आईएसआईएस से जुड़े दो अलग-अलग मॉड्यूल का हिस्सा बताए जा रहे हैं. इनकी पहचान डॉ. अहमद मोहिउद्दीन सैयद, मोहम्मद सुहेल और आजाद सैफी के रूप में हुई. दो आतंकी वेस्टर्न यूपी के रहने वाले हैं.

## आतंकियों से जुड़े दो अधिकारियों को सेवा से किया बर्खास्त

**कठुआ, 9 नवंबर.** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में आतंकवादियों के साथ संबंधों के कारण दो विशेष पुलिस अधिकारियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया. अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी. अधिकारियों ने बताया कि एसपीओ अब्दुल लतीफ और मोहम्मद अब्बास को पहले भी आतंकवादी गतिविधियों में संलिप्तता के लिए गिरफ्तार किया था. उन्होंने बताया कि कठुआ की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मोहिता शर्मा ने दोनों एसपीओ को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त करने का आदेश दिया. कश्मीर के संदर्भ में ओजीडब्ल्यू का मतलब उन व्यक्तियों से है, जो आतंकवादियों को साजो-सामान उपलब्ध कराते हैं एवं उन्हें गुप्त गतिविधियां चलाने में मदद करते हैं. अधिकारियों ने कहा कि रामबन, कठुआ और राजौरी जिलों में कई जगहों पर व्यापक तलाशी और घेराबंदी अभियान जारी है.





अधिकृत डीलरः जबलपुर: सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), बालाघाट: जायसवाल हीरो 9289922572, छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, मण्डला: शुभा हीरो 9289922600, नरसिंहपुर: रचना हीरो 9289922377, रीवा: बद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), सतना: स्टार हीरो 9289922356, बद्रिका हीरो 9289923108, शहडोल: विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, कटनी: हर्ष हीरो 9289923166, वैढ़न: कुन्दन हीरो 9289922743, बजरंग मोटर्स 7354559000, सीधी: राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, सिवनी: सुदर्शन हीरो 9821745435, चौरई: श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, दमोहः इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, एसोशिएट डीलरः पथरियाः एसएस ऑटोमोबाइल्स, 9691147568, सेमरिया: आकाश मोटर्स 9893918358, अमरवाड़ा: अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, ब्यौहारी: श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, बुढ़हार: श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, डिंडोरी: अवधिया ऑटो 8959777333, नैनपुर: स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, गाडरवाड़ा: शेखर व्हीकल्स 9425467409, जुन्नारदेव: लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, कोतमा: सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, मैहर: वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, मउगंज: सेंगर मोटर्स 9425185568, लांझी: श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, पांढुरना: जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, परासिया: श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, रामपुर बघेलान: साँई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, रांझी: गुरुकृपा ऑटो 9424728007, सिहोरा: बाईक प्वांट 9826802730, उमरिया: गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, वारासिवनी: रुसिया मोटर्स 9425822392, मुलताई: शारदा श्री मोटर्स 9522870001, चितरंगी: ओम मोटर्स 9685416118, बरगवां: बजरंग मोटर्स 9926183734, बहरी: श्याम एजेंसी 9981238133, बरही: अजीत ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, अनूपपुर: बाल गोविंद ऑटोव्हील्स 9770531138, 9770744844, नागोद: चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, देवसर: श्री राम मोटर्स 9425086868 अमरपाटन: रिशु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, स्लीमनाबाद: अनिल मोटर्स 9425466101, रामनगर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, धनोरा: भवानी व्हीकल्स 9424950703, सरई: यश मोटर्स, 9981718853, सालीचौका: अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, उंचेहरा: अंकुर ऑटोमोबाइल्स, 7999328251, गढ़: अंबे मोटर्स, 9752666969, गुन्नौर: मधुबन मोटर्स, 8959050501, मड़वास: ओम मोटर्स, 9009066959, मझौली: न्यू कुन्दन ऑटोमोबाइल्स, 9584628677, बीरसिंहपुर पाली: श्री कृष्ण मोटर्स, 8889131315, रीठी: प्रदीप मोटर्स, 9981303666, बड़वारा: शिवम मोटर्स, 7509839990, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो, 9289922805, नरसिंहपुर: रचना हीरो, 8815396340, दमोह : इंडिया ऑटो सेंटर, 8839230079